# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928

सं0-I/31603/2025-ज0श0 प्र0सु0 एवं प्रशि0-01/CN-74884, दिनांक 20-11-2025

## परिपत्र

संयुक्त सचिव, उ0प्र0 शासन, ऊर्जा अनुभाग-2 के पत्र संख्या-I/1133099/2025 दिनांक 04-11-2025 तत्संलग्नक स्टेट CISO/राज्य समन्वयक, सेण्टर फॉर ई-गवर्नेन्स, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-I/327795/2025 दिनांक 03-11-2025 द्वारा Cyber Space में Cyber Attacks की सम्भावनाओं के दृष्टिगत संवेदनशील डाटा एवं एप्लीकेशन की सुरक्षा करने के उद्देश्य से साइबर सिक्योरिटी विषयक ज्ञान, नवीनतम साइबर सिक्योरिटी तकनीक तथा नवीनतम साइबर थ्रेट्स सम्बन्धित ज्ञान को अर्जित करने हेतु मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत iGOT Karmayogi पोर्टल पर उपलब्ध साइबर सिक्योरिटी समबन्धी कोई भी 05 पाठ्यक्रमों को माह दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण करते हुए साइबर सिक्योरिटी सम्बन्धित अन्य पाठ्यक्रमों का निरन्तर अध्ययन करते हुए प्राप्त सर्टिफिकेट्स को URL (https://forms.gle/B1auXX5hHFfbv3sB7) पर अपलोड/उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

विदित है कि कारपोरेशन के परिपत्र संख्या-I/27783/2025-ज0श0 प्र0सु0 एवं-प्रशि0-01/CN-74884 दिनांक 13-10-2025 द्वारा समस्त कार्मिकों को पूर्व में ही iGOT Karmayogi पोर्टल पर Login एवं Enroll करने की प्रक्रिया से अवगत कराया जा चुका है।

उक्त के क्रम में उ0प्र0 पाकालि0 एवं सहयोगी वितरण निगमों में कार्यरत समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि माह दिसम्बर, 2025 तक iGOT Karmayogi Portal पर उपलब्ध साइबर सिक्योरिटी समबनधी कम से कम 05 (पांच) पाठ्यक्रमों (**सूची संलग्न**) के साथ-साथ साइबर सिक्योरिटी से सम्बन्धित अन्य पाठ्यक्रमों का निरन्तर अध्ययन करते हुए उनका Completion Certificate URL (https://forms.gle/B1auXX5hHFfbv3sB7) पर अपलोड/उपलब्ध कराने के साथ-साथ ई-मेल आई0डी0 director.eti@uppcl.org पर अनिवार्यतः प्रेषित करें।

<u>संलग्नकः-यथोपरि।</u>

प्रबन्ध निदेशक
उ0पा0 पावर कारपोरेशन लि0।

<u>सं0-I/31603/2025-ज0श0 प्र0सु0 एवं प्रशि0-01/2025 तद्दिनांक।</u>
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अध्यक्ष महोदय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के अवलोकनार्थ
2. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के अवलोकनार्थ।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पाट्राकालि0, शक्ति भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 के समस्त कार्मिकों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

4. प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम लि० एवं केस्को, वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ एवं कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त को सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. समस्त निदेशकगण, उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग एवं मुख्य अभियन्ता (जॉच समिति), गोमती नगर, लखनऊ।
8. अपर सचिव (प्रथम/द्वितीय/तृतीय), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ
9. महानिदेशक (प्रशि० एवं मा०सं०वि०), उ०प्र० पाकालि०, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।
10. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ०प्र०पा०का०लि०, शक्ति भवन-विस्तार, लखनऊ
11. पुस्तकालयाध्यक्ष, उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,

20/11/25

(गौरव कुमार)
संयुक्त सचिव (ज०श० प्रशि० एवं कार्य)

## Cyber Security courses available on the iGOT Karmayogi Portal

| S. N. | COURSE NAME | CREATOR | DURATION | Category | Minor/ Major |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cyber Security and Strategy | By Indian Institute of Public Administration | 38m 22s | IT | Minor |
| 2 | Preventing Cybercrime: AI-based Threats and Measures | By National E-Governance Division (NEGD) MeitY Govt of India | 44m 30s | IT | Minor |
| 3 | Cyber Security fundamentals for leaders | By National e-governance Division (NEGD) Meity Govt of India | 51m 7s | IT | Minor |
| 4 | Cyber Security | By CISF | 53m 57s | IT | Minor |
| 5 | E-Governance and IT Security-Best Practices | By Ministry of External Affairs | 55m | IT | Minor |
| 6 | Cyber security and e-governance risks | By National e-governance Division (NEGD) Meity Govt of India | 1h 1m | IT | Major |
| 7 | Cloud Security | By National E-Governance Division (NEGD) MeitY Govt of India | 1h 1m | IT | Major |
| 8 | Cybersecurity Masterclass: Managing Information and Risk | By National E-Governance Division (NEGD) MeitY Govt of India | 1h 2m | IT | Major |
| 9 | Window's Firewall | By Sashastra Seema Bal (SSB) | 1h 5m | IT | Major |
| 10 | Cyber Security (Basic Level) | By IIT Madras | 1h 24m | IT | Major |
| 11 | Cyber Security (Intermediate Level) | By IIT Madras | 1h 25m | IT | Major |
| 12 | Cybersecurity Fundamentals for Government Personnel | By National E-Governance Division (NEGD) MeitY Govt of India | 1h 30m | IT | Major |
| 13 | Cyber security and Data Privacy: Ethical and Legal Considerations | By National E-Governance Division (NEGD) MeitY Govt of India | 1h 31m | IT | Major |
| 14 | Cyber Security Basics | By Microsoft | 2h 22m | IT | Major |
| 15 | Cyber Security | By UpGrad | 2h 56m | IT | Major |
| 16 | Introduction to Networking for Cyber Professionals | By Zscaler | 4h 25m | IT | Major |
| 17 | Cyber Shiksha Fundamentals | By Microsoft | 4h 35m | IT | Major |

संख्या 1131 ज०श० प्र०सु० एवं प्रशि०-01/पा०का०लि०/2025 1381 सं०स०(ज०श०प्रशि० एवं कार्य)/शिविर/पाकालि/2025
पत्रावली संख्या
क्रम संख्या 6474
ई-ऑफिस डायरी संख्या 258784/2025/10000 291 No. /Dir (PM&A)/PCL/2025
R.D. 07/XI/25 at 06:25 PM
D.D. 10/XI/25

प्रेषक,

संजय शुक्ला,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
(मध्यान्चल/पूर्वान्चल/पश्चिमान्चल/दक्षिणान्चल/केस्को)
2. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
4. निदेशक, विद्युत सुरक्षा निदेशालय, गोमती नगर, लखनऊ
5. सचिव, उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग।

ऊर्जा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 04-11-2025

विषयः मिशन कर्मयोगी iGOT पोर्टल पर उपलब्ध साइबर सिक्योरिटी संबंधी पाठ्यक्रमों को पूर्ण किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक स्टेट सी0आई0एस0ओ0/ राज्य समन्वयक, सेन्टर फॉर ई-गवर्नेन्स, उ0प्र0 के पत्र दिनांक-03.11.2025 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त पत्र में की गयी अपेक्षानुसार निगम/ डिस्काम, विद्युत सुरक्षा निदेशालय/ उ0प्र0 नियामक आयोग के स्तर से अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

Digitally signed by
SANJAY SHUKLA
Date: 04-11-2025
16:37:08

(संजय शुक्ला)
संयुक्त सचिव

5782/MD/07/11/25

Dir(P+A)
07.11.25

( शशी शेखर यादव )
अपर निजी सचिव
प्रबन्ध निदेशक
उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि०

AS-01
10/11/25

अपर निजी सचिव
(सं०) निदेशक (का०प्र० एवं प्रशा०

म० 2680 अ०स०-I/24
सं०स० (सं०प्र०)
सं०स० (ज०श० प्रशि० एवं कार्य)
सं०स० (सं०कार्य)
सं०स० (अभियंता एवं विनियम)
(पी०एस०)

अपर सचिव (प्रथम)

श्री आभा
11/11/25

DS(MPI)/DS(Work)

संयुक्त सचिव
(ज०श० प्रशि० एवं कार्य)

SO(MPI)
11/11/2025

प्राप्त: 07/11/25
5.45 PM

# CENTRE for e-GOVERNANCE U.P.

1st Floor, UPTRON Building, Near Gomti Barrage, Gomti Nagar, Lucknow - 226 010
सेण्टर फॉर ई–गवर्नेन्स, उत्तर प्रदेश (उ.प्र. सरकार की समिति)
प्रथम तल, अपट्रॉन बिल्डिंग, निकट गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ – 226 010

संदर्भ सं0/Ref. No: CeG/P/08/14/III/2021
दिनांक/Date: 03.11.2025

9573/ACSE/VS(R)

सेवा में,

समस्त विभागीय CISOs एवं Deputy CISOs,
उत्तर प्रदेश।

03/11/25
(राजेन्द्र प्रताप)
निजी सचिव,
अपर मुख्य सचिव,
ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

**विषयः मिशन कर्मयोगी IGOT पोर्टल पर उपलब्ध साइबर सिक्योरिटी सम्बन्धी पाठ्यक्रमों को पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि मिशन कर्मयोगी भारत सरकार की एक ऐतिहासिक और महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य देश के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच क्षमता निर्माण (Capacity Building) को एक सतत प्रक्रिया बनाना है। इस मिशन के अंतर्गत विकसित iGOT (Integrated Government Online Training) Karmayogi पोर्टल एक डिजिटल शिक्षण मंच है, जो सरकारी कर्मचारियों को ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण (e-Learning) प्रदान करता है।

5355/VS(UPR)
55(55)

2- मिशन कर्मयोगी का मुख्य लक्ष्य है कि सरकारी अधिकारी और कर्मचारी केवल नियमों का पालन करने वाले न रहकर, नवाचार, दक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करें तथा "न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन" के सिद्धांत को साकार करें। iGOT पोर्टल प्रत्येक कर्मचारी को उनकी भूमिका, अनुभव और कार्यक्षेत्र के अनुसार व्यक्तिगत शिक्षण यात्रा (Individual Learning Path) प्रदान करता है, जिससे वह अपने कौशल को निरंतर विकसित कर सके। यह पोर्टल 'Digital India' के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रशासनिक सुधार और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से सरकार एक नए युग के कर्मयोगी अधिकारी वर्ग का निर्माण करना चाहती है, जो जनहित में समर्पित, संवेदनशील और परिणामोन्मुख हो।

(राकेश कुमार–द्वितीय)
निजी सचिव,
विशेष सचिव,
ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

4133/88

3- प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा विगत् वर्षों में कोर आई0टी0 एवं ई-गवर्नेन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया गया है, जिसका उपयोग कर आम जनमानस द्वारा सरकारी सेवाओं का लाभ इन्टरनेट के माध्यम से लिया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप साइबर स्पेस में साइबर अटैक्स् की सम्भावनायें भी प्रबल हो गयी है। इस संवेदनशील डाटा की वृद्धि निरन्तर हो रही है तथा इसके उपयोग एवं आदान-प्रदान में भी वृद्धि हो रही है, जिस हेतु संवेदनशील डाटा एवं एप्लीकेशन की सुरक्षा करने हेतु साइबर सिक्योरिटी विषयक ज्ञान, नवीनतम साइबर सिक्योरिटी तकनीक तथा नवीनतम साइबर थ्रेट्स सम्बन्धित ज्ञान को अर्जित किया जाना आवश्यक हो गया है।

(संजय शुक्ला)
संयुक्त सचिव
ऊर्जा विभाग
उ0प्र0 शासन

4- IGOT पोर्टल पर उपलब्ध साइबर सुरक्षा से संबंधित कोर्स सरकारी कर्मचारियों को ऑनलाइन सुरक्षा, डेटा संरक्षण, पासवर्ड प्रबंधन, फिशिंग, मैलवेयर और साइबर हमलों की रोकथाम जैसे विषयों पर ज्ञान प्रदान करते हैं। इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर सुरक्षित रूप से कार्य कर सके तथा सरकारी एप्लीकेशन, डेटा और नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके।

अत: इस सम्बन्ध में मिशन कर्मयोगी के IGOT पोर्टल पर उपलब्ध साइबर सिक्योरिटी सम्बन्धी कोई भी 05 पाठ्यक्रमों को माह दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण करते हुए साथ ही साथ IGOT पोर्टल पर साइबर सिक्योरिटी सम्बन्धित अन्य पाठ्यक्रमों का निरन्तर अध्ययन करते हुए प्राप्त सर्टिफिकेट्स को URL (https://forms.gle/B1auXX5hHFfbv3sB7) या उपलब्ध QR Code पर शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराये जाने हेतु अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें, जिससे कि सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी का साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में अधिक से अधिक ज्ञानवर्धन हो सके।

Digitally signed by Neha Jain
Date: 03-11-2025 00:50:37

भवदीया,

(नेहा जैन)

स्टेट CISO/राज्य समन्वयक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी (एस0आई0ओ0), एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ।
4. हेड, एस0ई0एम0टी0, उ0प्र0।
5. गार्ड फाईल।

(A Society under the Department of Information Technology and Electronics, Govt. of U.P.)
Phone : +91 522 2304706, Fax: +91 522 2304706 E-mail: ceglko.up@gmail.com

# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928

सं0-I/27783/2025-ज0श0 प्र0सु0 एवं प्रशि0-01/ CN-74884, दिनांक 13 -10-2025

## परिपत्र

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नियुक्ति अनुभाग-8 के पत्र संख्या-1008/द/82025 दिनांक 16-09-2025 द्वारा भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना मिशन कर्मयोगी के सफल क्रियान्वयन हेतु iGOT Karmayogi पोर्टल पर Course Completion की दृष्टि से उ0प्र0 राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर लाने के उद्देश्य से अधिकाधिक ऑनलाइन Course पूर्ण किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है।

नोडल अधिकारी, मिशन कर्मयोगी एवं निदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजिनी नगर, लखनऊ के पत्र संखया-671/वि0प्र0सं0(ल0)/2025 दिनांक 03.10.2025 द्वारा दिनांक 17 सितम्बर से 20 अक्टूबर 2025 के मध्य मनाये जा रहे मिशन कर्मयोगी सेवा पखवाड़ा/राज्य शिक्षण पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत इस अवधि में iGOT Karmayogi Portal पर उपलब्ध निःशुल्क ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में से समस्त ऑनबोर्डेड/पंजीकृत अधिकारी एवं कर्मचारी को नित्य-प्रति उपयोगार्थ एवं गुणवत्तापरक (Relevant) **कम से कम 10 कोर्सेस** पूर्ण किये जाने तथा उनके Course Completion Certificates ईमेल-आई0डी0 director.eti@uppcl.org पर प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में उ0प्र0 पाकालि0 एवं सहयोगी वितरण निगमों में कार्यरत समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 20 अक्टूबर, 2025 तक iGOT Karmayogi Portal पर कम से कम 10 (दस) अथवा उससे अधिक कोर्स पूर्ण कर उनका Completion Certificate उक्त ई-मेल आई0डी0 पर अनिवार्यतः प्रेषित करें।

निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)

<u>संलग्नक:-</u> iGOT पोर्टल पर Login एवं Enroll करने की प्रक्रिया संलग्न है।

<u>सं0-I/27783/2025-ज0श0 प्र0सु0 एवं प्रशि0-01/पाकालि/2025 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अध्यक्ष महोदय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के अवलोकनार्थ।
2. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के अवलोकनार्थ।

3. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पाट्राकालि0, शक्ति भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 के समस्त कार्मिकों को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।

4. प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल/मध्यांचल/दक्षिणांचल/पश्चिमांचल, विद्युत वितरण निगम लि0 एवं केस्को, वाराणसी/लखनऊ/आगरा/मेरठ एवं कानपुर।

5. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

6. मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

7. अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग एवं मुख्य अभियन्ता (जॉच समिति), गोमती नगर, लखनऊ।

8. अपर सचिव (प्रथम/द्वितीय/तृतीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

9. महानिदेशक (प्रशि0 एवं मा0सं0वि0), उ0प्र0 पाकालि0, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।

10. अधिशासी अभियन्ता (वेब), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन-विस्तार, लखनऊ।

11. पुस्तकालयाध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,

13/x/25

(गौरव कुमार)
संयुक्त सचिव (ज0श0 प्रशि0 एवं कार्य)

## Procedure For Using iGOT Karmayogi App by UPPCL Employees

1. आवश्यकता

- स्मार्टफोन या डेस्कटॉप (इंटरनेट कनेक्शन सहित)
- पंजीकृत मोबाइल नंबर (OTP हेतु)
- विभागीय डोमेन नेम ईमेल ID(....@uppcl.org/puvvnl.in/mvvnl.org/dvvnl.org/pvvnl.org)

2. ऐप डाउनलोड एवं लॉगिन प्रक्रिया

- डेस्कटॉप यूजर https://igotkarmayogi.gov.in/ वेबसाइट के माध्यम से लॉगिन कर सकते है।
- स्मार्टफोन यूजर को Android मोबाइल में Play Store अथवा iPhone Mobile में App Store में जा कर iGot Karmayogi App सर्च कर Install करना होगा।
- iGot Karmayogi App को open करना होगा।
- Open करने के पश्चात iGot Karmayogi App का Home Page खुल कर आ जायेगा।
- Sign in पर Click करना होगा।
- UPPCL द्वारा सभी कर्मचारियों का iGOT Portal पर पंजीकरण किया जा चुका है।
- कार्मिक को केवल लॉगिन करना है। (ऐप खोलें → "Login" पर क्लिक करें।)
- Login with password एवं Login with OTP का विकल्प खुलकर सामने आयेगा।
- Login with password में अपनी (By Name) गूगल वर्कस्पेस ई-मेल आई0डी0 (जिसका डोमेन..@uppcl.org/puvvnl.in/mvvnl.org/dvvnl.org/ pvvnl.org होगा) अंकित करनी होगी एवं अपना पासवर्ड बनाना होगा।

  अथवा

  Login with OTP वाले रेडियो बटन में Click कर अपने पंजीकृत मोबाईल नं0 पर प्राप्त OTP से iGot Karmayogi Portal खुल जायेगा।

3. कोर्स में नामांकन (Enrolling in Courses)

कार्मिक You Tube लिंक **https://youtu.be/Bix72QsAXbE** (You Tube Video Guide-How to Enroll in a Course) का उपयोग कर उसमें सिखाई गयी प्रक्रिया द्वारा कोर्स में नामांकन (Enrollment) कर सकते है।

Useful Links:

- https://igotkarmayogi.gov.in/ (iGOT Karmayogi Website)
- https://youtu.be/Bix72QsAXbE (How to Enroll in a Course)

एम0 देवराज
प्रमुख सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
नियुक्ति अनुभाग-8
दिनांक-16 सितम्बर, 2025

Dear Sir,

प्रभावी सार्वजनिक सेवा वितरण और एक आत्मनिर्भर भारत की दिशा में काम करते हुए एक सक्षम और भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा के निर्माण हेतु भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना, मिशन कर्मयोगी के उत्तर प्रदेश में सफल कार्यान्वयन हेतु सभी विभागों द्वारा किए गए समेकित प्रयास से iGOT पोर्टल पर पंजीकरण की दृष्टि से उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है, जोकि राज्य के लिए एक गर्व का विषय है। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर लाने हेतु समस्त विभागों द्वारा किया गया समर्पित प्रयास प्रशंसनीय है।

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि राष्ट्रीय स्तर पर iGOT पोर्टल पर Course Completion की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सम्प्रति चौथे स्थान पर है। Course Completion की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान पर लाना है। अतः उत्तर प्रदेश के सभी कार्मिकों द्वारा अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित iGOT पोर्टल कर उपलब्ध अधिक से अधिक पाठ्यक्रमों को पूर्ण किया जाना अपेक्षित है।

2- उपर्युक्त सम्बन्ध में मिशन कर्मयोगी के iGOT पोर्टल पर दिनांक-14.08.2025 से 12.09.2025 तक की गयी विभागवार प्रगति की समीक्षा के अनुसार आपके विभाग की प्रगति निम्नवत है:-

| Date of Information obtained from iGOT | Name of Dept/Directorate/ Institute etc. | Number of employees onboarded | Total Course Enrollments | Total Course Completions |
|---|---|---|---|---|
| 14.08.2025 | | **36,088** | **30,141** | **18,742** |
| 12.09.2025 | UPPCL | 26,986 | 7,157 | 3,571 |
| | Energy Department | 5,190 | 20,379 | 14,564 |
| | UPPTCL | 4,039 | 14,574 | 9,671 |
| | UPSLDC Ltd. | 70 | 644 | 482 |
| | UP State Load Dispatch Centre | 11 | 100 | 46 |
| | MVVNL | 01 | 00 | 00 |
| | **Total (12.09.2025)** | **36,297** | **42,854** | **28,334** |

3- **उक्त आंकड़ों के विश्लेषण से यह परिलक्षित होता है कि आपके विभाग में iGOT पोर्टल पर पंजीकृत प्रति कार्मिक ने औसतन मात्र [illegible] कोर्स पूर्ण किए हैं, जोकि अन्य विभागों की तुलना में बहुत कम है।** चूँकि iGOT पोर्टल पर उपलब्ध प्रत्येक पाठ्यक्रम एक प्रकार का प्रशिक्षण है, जो सिविल सेवकों की कार्यात्मक क्षमता में वृद्धि करता है, अतः उक्त पाठ्यक्रमों को पूर्ण न किए जाने से मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य अपूर्ण रह जा रहा है।

4- इस सम्बन्ध में उपर्युक्त स्थिति का व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेते हुए कृपया राज्य में मिशन कर्मयोगी के कार्यान्वयन में अपने विभाग के प्रदर्शन में सुधार हेतु विभाग के अंतर्गत तैनात समस्त कार्मिकों को iGOT पोर्टल पर उपलब्ध अधिक से अधिक पाठ्यक्रमों को पूर्ण पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे कि iGOT पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों के Course Completion की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जा सके।

Regards,

भवदीय,

(एम0 देवराज)

श्री नरेन्द्र भूषण,
अपर मुख्य सचिव,
ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

**ELECTRICITY TRAINING NSTITUTE**
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
**(U.P. Government Undertaking)**
Sarojini Nagar, Lucknow-226008
E-mail : etiuppcl@gmail.com

**विद्युत प्रशिक्षण संस्थान**
उ0प्र0 पॉवर कारपोरेशन लि0
**(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)**
**सरोजनी नगर, लखनऊ–226008**
ई–मेल : **etiuppcl@gmail.com**

पत्रांक : 671/वि0प्र0सं0 (ल0)/2025

दिनांक : 03-10-2025

समस्त ऑन बोर्डेड/पंजीकृत अधिकारी एवं कर्मचारी
मिशन कर्मयोगी (iGOT karmayogi Portal)
उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन लि0।

**विषय : दिनांक 17 सितम्बर से 20 अक्टूबर, 2025 के मध्य आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मिशन कर्मयोगी पर गोष्ठी एवं राज्य शिक्षण पखवाड़ा मनाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कार्यालय नोडल अधिकारी, मिशन कर्मयोगी, उ0प्र0पा0का0लि0 के पत्रांक सं0 607/वि0प्र0सं0 (ल0)/2025, दिनांक 11.09.2025, कार्यालय उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी के पत्रांक – 4ए–1030, दिनांक 10.09.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 के मध्य आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मिशन कर्मयोगी पर गोष्ठी एवं राज्य शिक्षण पखवाड़े की अवधि के अंतर्गत 05 पाठ्यक्रम पूर्ण कर उनके सर्टिफिकेट 02 अक्टूबर तक director.eti@uppcl.org पर प्रेषित करने हेतु अवगत कराया गया था।

दिनांक 02 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 10:15 बजे महानिदेशक, उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी (उपाम), उ0प्र0 सरकार की नोडल एजेन्सी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि iGOT Portal पर Course Completion की दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर उ0प्र0 राज्य को प्रथम स्थान पर लाने हेतु अधिकाधिक iGOT Portal पर Course Completion किए जाने हेतु 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 की तिथि को 20 अक्टूबर 2025 तक विस्तारित किया जा रहा है। उन्होनें वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से यह अपील भी की कि समस्त ऑन बोर्डेड/पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी, मिशन कर्मयोगी दिनांक 20 अक्टूबर 2025 तक **संलग्न** iGOT Mission Karamyogi **की निःशुल्क ऑन लाईन कोर्सेस सूची में से नित्य–प्रति उपयोगार्थ एवं गुणवत्तापरक (Relevant) कम से कम 10 कोर्सेस पूर्ण कर उनके** completion Certificate ई–मेल आई0डी0 director.eti@uppcl.org पर प्रेषित करने का कष्ट करें। उपरोक्त से सम्बन्धित किसी भी जानकारी हेतु मिशन कर्मयोगी उ0प्र0पा0का0लि0 के नोडल अधिकारी (मो0 नं0 8318587852) एवं एम0डी0ओ0 (मो0 नं0 9415901395) से सहायता प्राप्त की जा सकती है।

(धीरज कुमार जायसवाल)
नोडल अधिकारी, मिशन कर्मयोगी, उ0प्र0पा0का0लि0
एवं निदेशक, वि0प्र0सं0

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :**

1. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), शक्ति भवन, उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ को इस अनुरोध से प्रेषित है कि अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।
2. महानिदेशक (प्रशि0 एवं मा0सं0वि0), विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ
3. समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ
4. निदेशक एवं नोडल अधिकारी, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ

(धीरज कुमार जायसवाल)
नोडल अधिकारी, मिशन कर्मयोगी, उ0प्र0पा0का0लि0
एवं निदेशक, वि0प्र0सं0